समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पुणे पुल हादसा : गिरने से कुछ सेकंड पहले की तस्वीर आई सामने, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका।

Publisher

Published on 16 Jun 2025



## तलेगांव के कुंडमळा पुल हादसे से पहले का भयावह फोटो वायरल, अब तक 4 की मौत, 30 से अधिक घायल ; प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप।

**पुणे :** पुणे जिले के **मावल तहसील के तलेगांव स्थित कुंडमळा इलाके** में रविवार शाम हुए पुल हादसे ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। **इंद्रायणी नदी पर बना यह पुल अचानक टूटकर नदी मे गिर गया**, जिससे अब तक **4 लोगों की मौत** हो चुकी है और 30 से अधिक घायल हैं। राहत और बचाव कार्य सोमवार को भी जारी है।

### हादसे से ठीक पहले की तस्वीर वायरल

इस हादसे की भयावहता को दर्शाने वाली एक **तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल** हो रही है, जिसमें पुल पर भीड़ इस कदर जमा है कि **चलने तक की जगह नहीं बची थी**। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, **पुल पर 100 से ज्यादा लोग मौजूद** थे जब वह अचानक ढह गया। यह तस्वीर घटना के कुछ ही सेकंड पहले की बताई जा रही है।

### भीड़, बाइक और कमजोर पुल बना मौत का कारण

हादसे में घायल पर्यटकों के मुताबिक, **सिर्फ चार फीट चौड़े पुल** पर एक साथ लोगों के साथ-साथ **दोपहिया वाहन भी चल रहे थे,** जिससे पुल पर भार बढ़ गया। कई लोग बीच में फंस गए और **भार सहन न कर पाने के कारण पुल नदी मे समा गया**।

### पहले से बंद पुल पर कैसे चढ़ी भीड़ ?

स्थानीय जानकारी के अनुसार, **यह पुल पहले से ही जर्जर हालत मे था और इसे वाहनों व लोगों की आवाजाही के लिए बंद**

**कर दिया गया था**। पुल के किनारे '**पुल बंद है**' का बोर्ड भी लगाया गया था, लेकिन फिर भी पर्यटकों ने उस पर चढ़ना जारी रखा।

बताया गया है कि यह पुल 30 साल पुराना था, और इसे नया बनाने के लिए 8 करोड़ रुपये की मंजूरी भी मिल चुकी थी, लेकिन निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ था। प्रशासन की अनदेखी और रखरखाव में लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ, ऐसा स्थानीय लोगों का कहना है।

**लापरवाही से गई जानें, प्रशासन पर उठे सवाल**

घटनास्थल से मिले विवरण के अनुसार, कई लोग अभी भी लापता हो सकते हैं। तस्वीर में जितनी भीड़ नजर आ रही है, उसके हिसाब से मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस घटना ने **प्रशासन की सतर्कता** और **सार्वजनिक संरचना** की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.